# श्याम सलोने गिरधारी | By Sumitra Rao

मेरे श्याम सलोने गिरधारी
कहाँ बैठे हो छुपके मुरारी
मेरे कान्हा बताओ तुम छुपे हो कहाँ
मेरे कान्हा बताओ तुम छुपे हो कहाँ
मेरी अँखियाँ तरसी जाए ....हाय
मेरे श्याम सलोने गिरधारी
कहाँ बैठे हो छुपके मुरारी

तेरे दरस को हर पल मेरी अँखियाँ तरसी जाएँ
मधुर मधुर मोहिनी मूरतिया मन मेरा भरमाये
मेरे माधव बताओ तुम छिपे हो कहाँ
मेरे माधव बताओ तुम छिपे हो कहाँ
मेरी अँखियाँ तरसी जाए ....हाय
मेरे श्याम सलोने गिरधारी
कहाँ बैठे हो छुपके मुरारी

सांवली सुरतिया मोहन मेरे दिल मेरा भरमाये
जब तक तुझको न देखु मोहन मन को चैन ना आये
मेरे गोविन्द बताओ तुम छिपे हो कहाँ
मेरी अँखियाँ तरसी जाए ....हाय
मेरे श्याम सलोने गिरधारी
कहाँ बैठे हो छुपके मुरारी
मेरे श्याम सलोने,,,,,,,,,

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%b2%e0%a5%8b%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-sumitra-rao/